## रिम्स ओपीडी

विभाग — डॉक्टर का नाम

- मेडिसिनः डॉ बिंदे कुमार
- सर्जरीः डॉ विनय प्रताप
- न्यूरोसर्जरीः डॉ सीबी सहाय
- ऑर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- कार्डियोलॉजीः डॉ पीके श्रीवास्तव
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्रः डॉ दीपक लकड़ा
- ऑब्स गायनीः डॉ अतीमा भारती
- ईएनटीः डॉ जेडएम खान
- सीटीवीएसः डॉ राकेश कुमार
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ अभिषेक कुमार सिंह
- न्यूरोलॉजीः डॉ सुरेंद्र कुमार

## सदर अस्पताल

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार, डॉ रुचिका
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ वसुधा, डॉ वीणा विनायक
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ संतोष
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- यूरोलॉजीः डॉ प्रशांत कुमार
- कार्डियो डायबिटिकः डॉ एके झा
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजीः डॉ जयंत घोष
- अंकोलॉजीः डॉ गुंजेश कुमार

## शहर में आज

1. सीयूजे कॉनवोकेशन, सीयूजे हॉल में दोपहर 12 बजे.
2. कबड्डी प्रतियोगिता लीग, मोरहाबादी में संध्या 5 बजे.
3. यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम, जिला यक्ष्मा केंद्र में दोपहर 12 बजे.
4. विधानसभा सत्र, विधानसभा में दिन के 11 बजे.
5. शहर के अन्य हिस्सों में विभिन्न कार्यक्रम दिन के 11 बजे से.

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### राजकमल ने सीएम के सचिव का पदभार संभाला

**रांची।** आईएएस अरवा राजकमल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के सचिव पद पर योगदान दिया. राजकमल के पास नगर विकास एवं आवास विभाग के साथ उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के सचिव पद का भी अतिरिक्त पदभार है. इसके अलावा जुडको एवं ग्रेटर रांची के सीएमडी पद भी कार्यभार संभाल रहे हैं.

### डीसी ने लिया ईवीएम वेयर हाउस का जायजा

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया. इस दौरान रांची उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन समेत अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे. डीसी ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

### झारखंड कबड्डी लीग सीजन वन आज से

**रांची।** झारखंड कबड्डी प्रीमियर लीग सीजन 1 का आयोजन 28 फरवरी से 3 मार्च तक ऑक्सीजन पार्क मोरहाबादी में आयोजित किया जाएगा. झारखंड कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन रावत, महासचिव संजय कुमार झा और कोषाध्यक्ष हरीश कुमार ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर संयुक्त रूप से जानकारी दी कि यह प्रतियोगिता झारखंड में पहली बार झारखंड राज्य कबड्डी संघ से संबद्ध प्रतियोगिता है. इसमें कुल 8 टीम भाग ले रही हैं.

---

### इस वित्तीय वर्ष में 10.7 फीसदी अधिक बजटीय प्रावधान, झारखंड चैंबर ने पेश बजट को सराहा

# पर्यटन को उद्योग का दर्जा देना स्वागतयोग्य : मंत्री

संवाददाता। रांची

झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वित्तीय वर्ष 10.7 फीसदी अधिक बजटीय प्रावधान किया गया है. प्रदेश को वर्ष 2030 तक 10 ट्रिलियन रुपये की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य उत्साहित करनेवाला है. वित्त मंत्री द्वारा पेश बजट सामान्य है, जिसमें व्यापार और उद्योग के विकास के लिए किसी नई योजना को नहीं लाया गया है. ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्थान पर सरकार ने अपना ध्यान केंद्रित किया है. राजधानी रांची में नये मेडिकल कॉलेज की स्थापना की बात कही गई है.

हालांकि, रिम्स एवं सदर अस्पताल की स्थिति ठीक करने पर ध्यान देने की जरूरत थी. पर्यटन को उद्योग का दर्जा देना स्वागतयोग्य कदम है. झारखंड तसर उत्पादन के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर रहा है. आगामी वित्तीय वर्ष में 1500 मिट्रिक टन तसर रेशम उत्पादन का लक्ष्य उत्साहजनक है. इससे राज्य के बुनकरों, परंपरागत शिल्पियों एवं रेशम उत्पादन से जुड़े हुए राज्य के गरीब नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे.

### बजट में सरकार की दूरगामी सोच की झलक : परेश

झारखंड चैंबर के महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि झारखंड विधानसभा में वित्त मंत्री रामेश्वर उरावं द्वारा पेश किए गए बजट को



संतुलित बताया. उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के बजट के आकार को बढाया जाना तथा 2030 तक झारखंड को 10 ट्रिलियन रुपये की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य सरकार की दूरगामी सोच को दर्शाता है. बजट के माध्यम से 20 हजार करोड़ से अधिक का निवेश आकर्षित करके, एक लाख लोगों को रोजगार देने की प्रतिबद्धता दिखाई गई है, किंतु इसमें क्लेरिटी का अभाव है. सरकार ने भी स्वीकार किया है कि उद्योग व्यापार की प्रगति के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति बेहद जरूरी है. हमें उम्मीद है कि अन्य राज्यों की भांति झारखंड में भी बिजली वितरण व्यवस्था को प्राइवेटाइज किया जायेगा, किंतु बजट में इसका उल्लेख नहीं है.

### बजट में दिखी युवाओं के प्रति चिंता : राहुल साबू

झारखंड चैंबर के उपाध्यक्ष राहुल साबू ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक



वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ ही उनके रहने के लिए प्रमुख शहरों में बहुमंजिले मॉडल छात्रावासों के निर्माण करने के वित्त मंत्री का वक्तव्य स्वागत योग्य है. इस योजना के प्रभावी होने से राज्य का प्रतिभा पलायन तो रुकेगा ही, साथ ही हमारे प्रदेश के युवा, प्रदेश के विकास में अपना सकारात्मक योगदान देंगे. सरकार ने बजट के माध्यम से युवाओं के भविष्य की चिंता दिखाई है, जो सरकार की दूरदर्शी सोच है. यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड नार्दन आयरलैंड में अवस्थित विश्वविद्यालयों में उच्चस्तरीय शिक्षा के लिए सरकार ने वित्तीय सहायता देने का भी वायदा किया है, जो सराहनीय पहल है.

### आधारभूत संरचना और प्रोत्साहन का अभाव : महेश

राज्यसभा के पूर्व सांसद महेश पोद्दार ने कहा कि वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव द्वारा झारखंड विधानसभा में पेश किए गए राज्य के बजट का साइज तो बड़ा



दिख रहा है, लेकिन कुछ वर्गों को छोड़ कर बाकी के लिए छोटा दिख रहा है. रोजगार झारखंड की बड़ी समस्या है, पर इसका भी सरकारीकरण करने की कोशिश की जा रही है. तथ्य यह है कि इस बजट की योजनाओं से बहुत छोटे वर्ग को सरकार संतुष्ट कर पाएगी. जो स्वतः रोजगार निर्माण होते हैं, इसके लिए बजट में आधारभूत संरचना और प्रोत्साहन इन सभी मुद्दों का अभाव दिखता है. केंद्र की वित्तीय सहायता पर निर्भर कई योजनाएं हैं, उनमें राज्य के हिस्से के लिए पर्याप्त आवंटन नहीं किया गया है. बजट की खानापूर्ति तो जरूर हुई, पर यह झारखंड की दिशा और दशा बदलने में सक्षम नहीं होगा. कुल मिला कर इस बजट में आधारभूत संरचनाओं और प्रोत्साहन जैसे मुद्दों का अभाव दिखा.

### सरकार ने टूरिज्म डेवलपमेंट पर भी खास फोकस किया : आदित्य

उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि बजट के आकार को बढ़ाया जाना तथा 2030 तक



झारखंड को 10 ट्रिलियन रुपये की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य सरकार की दूरगामी सोच को दर्शाता है. सरकार ने टूरिज्म डेवलपमेंट पर भी खास फोकस किया है. अबुआ आवास योजना के क्रियान्वयन से स्थानीय स्तर पर रियल एस्टेट सेक्टर को बूस्ट मिलेगा.

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने को प्राथमिकता : अमित शर्मा

झारखंड चेंबर के सह सचिव अमित शर्मा ने कहा कि सरकार ने बजट के माध्यम से किसान,



स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क व रोजगार सृजन के साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए अपनी प्राथमिकताएं तय की है. खेल कूद के क्षेत्र में पदक विजेताओं को सम्मान देने और सूचना प्रोद्योगिकी के लिए पर्याप्त बजटीय आवंटन का निर्णय स्वागतयोग्य है.

### अलग से पर्यटन नीति का गठन स्वागतयोग्य : शैलेश अग्रवाल

सह सचिव शैलेश अग्रवाल ने कहा कि टूरिज्म को उद्योग का दर्जा देते हुए अलग से पर्यटन नीति का



गठन स्वागतयोग्य है. नेतरहाट को टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिये नेतरहाट टूरिस्ट डेवलपमेंट ऑथोरिटी गठित करने से इस क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा. हमें उम्मीद थी कि राज्य में व्यापार–उद्योग आयोग का गठन होगा, जिसका बजट में उल्लेख नहीं होने से निराशा हुई.

### सरकार ने बजट में आर्थिक प्रगति का सकारात्मक संदेश दिया : ज्योति

चेंबर कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने कहा कि सरकार ने बजट के माध्यम से राज्य की आर्थिक प्रगति का



सकारात्मक संदेश दिया है. रिजनल कनेक्टिविटी में वृद्धि, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भी पर्याप्त बजटीय अनुशंसा की गई है. यह स्वागतयोग्य कदम है. योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए इसकी नियमित मॉनिटरिंग आवश्यक है.

---

### नवप्रोन्नत और पोस्टिंग के इंतजार पर जल्द लगेगा विराम

# डीएसपी का किया जाएगा पदस्थापन

संवाददाता। रांची

इंस्पेक्टर से डीएसपी में प्रोन्नत हुए और पोस्टिंग का इंतजार रहे डीएसपी की पोस्टिंग होगी. इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है. झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा झारखंड में कहां-कहां डीएसपी के पद खाली हैं और पोस्टिंग पाने वाले डीएसपी की सूची गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग को भेज दी गयी हैं. जल्द ही डीएसपी रैंक के अधिकारियों के पदस्थापन की लिस्ट गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा जारी की जायेगी.

**डीएसपी बने पर 79 अधिकारी कर रहे इंस्पेक्टर का कामः** झारखंड पुलिस के 93 पुलिस पदाधिकारी तीन वर्षों के इंतजार के बाद इंस्पेक्टर से डीएसपी रैंक में प्रोन्नत हुए, लेकिन प्रोन्नति की अधिसूचना जारी होने के दो महीने बाद भी डीएसपी बने 79 अधिकारी इंस्पेक्टर का ही काम कर रहे हैं. नव प्रोन्नत अधिकारियों में महज 14 को ही डीएसपी रैंक पर तैनात किया गया, उनमें से भी तीन अधिकारी जनवरी महीने के अंत में सेवानिवृत्त हो गये. राज्य सरकार के द्वारा डीएसपी के पद पर प्रोन्नति के बाद भी पोस्टिंग नहीं होने की वजह से इन अधिकारियों को वेतन बढ़ोत्तरी का लाभ प्रोन्नति की तारीख से नहीं मिल पा रहा है. वहीं दूसरी 31 जनवरी को राज्य सरकार ने 93 डीएसपी का तबादला किया था.

### एसएसपी ने सदर थानेदार को किया लाइन हाजिर

- डीएसपी के रीडर पर रिश्वत मांगने के आरोप की भी हो रही जांच

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत को लाइन हाजिर कर दिया है. बता दें कि दारोगा लक्ष्मीकांत का कथित तौर पर एक वीडियो वायरल हुआ था. जिसमें वो कोकर की पीड़िता मीना देवी व उनके परिजनों से अभद्र भाषा का प्रयोग करते दिख रहे हैं. इस मामले को कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को सदन में उठाया था, जिसके बाद एसएसपी ने सदर थाना प्रभारी को लाइन हाजिर करने का निर्देश दिया है. सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करने से संबंधित मामले की जांच सदर डीएसपी संजीव कुमार बेसरा कर रहे हैं. बार मालिक से सदर थाना के एएसआई ने प्राथमिकी दर्ज करने के लिये 50 हजार रुपए और सदर डीएसपी के रीडर ने केस मजबूत करने के नाम पर एक लाख रुपए की मांग की है, जिसकी जांच सिटी एसपी कर रहे हैं. इन दोनों मामलों की निष्पक्ष जांच के लिए सदर थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन वापस किया गया है.

### जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर चलाया जाएगा ट्विटर अभियान

**रांची।** जेएसएससी के माध्यम से आगामी समस्त परीक्षाओं को कदाचार मुक्त , सीजीएल परीक्षा में हुई पेपर लीक की सीबीआई जांच और समय पर परीक्षा कराने की मांग को लेकर झारखंड के समस्त छात्र और शिक्षकगण एक बार फिर से आर-पार के मूड में आ गए है. छात्रों ने सरकार और जेएसएससी को चेतावनी संदेश के रूप में दिनाक 29 फरवरी को वृहद ट्विटर अभियान रखा है. यह अभियान सुबह 10 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक चलेगा. इसमें झारखंड के समस्त छात्र और शिक्षक शामिल होंगे. छात्रों और शिक्षकों का कहना है कि इस ट्विटर अभियान का सिर्फ एक मकसद है कि सरकार और आयोग जल्द से जल्द सारी परीक्षाओं की तिथि प्रकाशित करे, जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई पेपर लीक की सीबीआई जांच का आदेश दे, साथ ही एक साफ सुथरी एजेंसी के माध्यम से परीक्षा का आयोजन यथाशीघ्र करायी जाए. अगर सरकार ऐसा करने में विफल होती है, तो जल्द समस्त छात्र एक राज्यव्यापी बहुत बड़ा छात्र आंदोलन चलाएंगे.

### भाजपा ने पूर्व सीएम पर लगाया एससी-एसटी एक्ट के दुरुपयोग का आरोप

# कोर्ट को गुमराह कर रहे हेमंत : प्रतुल

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन पर जुबानी हमला किया. कहा कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन गलत बयानी कर कानून का दुरुपयोग और अदालत को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं. प्रतुल ने कहा कि ईडी ने पूर्व सीएम के दिल्ली वाले घर में छापेमारी के दौरान 36 लाख रुपये बरामद किया था.

इसके बाद 31 जनवरी को हेमंत सोरेन ने कहा कि बरामद पैसा उनका नहीं है. ईडी के अफसरों ने उन्हें सामाजिक रूप से बेइज्जत करने के लिए साजिश रची है. इसके बाद उनके आवेदन पर एससी-एसटी एक्ट के तहत ईडी अफसरों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हो गया था. वहीं अब हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट में चल रहे मुकदमे में अपने आवेदन के प्वाइंट नंबर 108 में यू टर्न मार लिया है. कहा है कि उनके माता-पिता वृद्ध हैं. उन्हें दिल्ली में मेडिकल ट्रीटमेंट की जरूरत पड़ती है, इसलिए उक्त कैश मेडिकल इमरजेंसी से निपटने के लिए रखा गया था. उन्होंने यहां तक कह दिया कि जो कैश उनके बंगला से बरामद हुआ है, वह उन्हें झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से दान में प्राप्त हुआ है.



### जुबानी हमला

- दिल्ली में मिले कैश पर दिए बयान से अदालत में पलटे
- पहले अनभिज्ञ बने, अब कह रहे– दान में मिली थी राशि

### 'पूरी तरह एक्सपोज हो गये हैं हेमंत सोरेन'

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि एससी-एसटी केस में दिए गए आवेदन में बताए गए तथ्य और हाईकोर्ट में दिए गए आवेदन में आसमान जमीन का अंतर है. पहले तो हेमंत सोरेन इस कैश से किनारा करते हैं और बाद में उसको झामुमो से प्राप्त किया डोनेशन बताते हैं. ऐसा कर के वह एक्सपोज हो गए हैं. प्रतुल ने कहा कि अब तो इस विषय पर ईडी को और इनकम टैक्स को भी जांच करनी चाहिए कि आखिर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इतनी बड़ी राशि किस दिन हेमंत सोरेन को दी थी. भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि जाहिर तौर पर हेमंत सोरेन अपने बचाव में लगातार अपने स्टैंड से पलट रहे हैं और अपने दिए गए बयानों से ही मुकर रहे हैं. अब यह तो साफ हो गया है कि एससी-एसटी मामले में दिया गया उनका बयान बेबुनियाद था.

---

### दहेज प्रताड़ना के आरोपी पर हाईकोर्ट सख्त

# कोर्ट रूम से ही हिरासत में लेने का दिया गया निर्देश

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की अदालत ने दहेज प्रताड़ना से जुड़े एक मामले में सुनवाई के दौरान आरोपी को कोर्ट रूम से ही हिरासत में लेने का आदेश दिया है. साथ ही आरोपी को संबंधित अदालत जहां उसका मामला लंबित है, वहां प्रस्तुत करने का निर्देश पुलिस को दिया गया है. इसके बाद हाईकोर्ट में प्रतिनियुक्ति डीएसपी ने आरोपी सत्यनारायण प्रसाद को हिरासत में ले लिया. आरोपी के खिलाफ देवघर के निचली अदालत ने कुर्की का भी आदेश दिया था और उसे भगोड़ा घोषित भी किया था.

दरअसल, वर्ष 2012 में देवघर टाउन पुलिस स्टेशन में आरोपी सत्यनारायण प्रसाद के खिलाफ 498 (ए) के तहत कांड दर्ज कराया गया था. इसके बाद उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया था. अदालत से आरोपी को दो माह की औपबंधिक जमानत की सुविधा प्रदान की थी. लेकिन वह उस सुविधा को पूरी होने के बाद से वह गायब था. आरोपी ने देवघर की निचली अदालत द्वारा उसके खिलाफ चलाई जा रही आपराधिक कार्यवाही को निरस्त करने के लिए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी. झारखंड हाईकोर्ट ने उसकी याचिका खारिज कर दी थी. इसके बाद उसने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की थी. सुप्रीम कोर्ट से भी उसे राहत नहीं मिली थी. आरोपी ने फिर से देवघर के निचली अदालत में उसके खिलाफ दर्ज आपराधिक कार्यवाही को निरस्त करने को लेकर वर्ष 2023 में झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की.

इसकी सुनवाई हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में हुई. प्रतिवादी की ओर से बताया गया कि निचली अदालत ने उसे फरार घोषित किया है. इसके बाद हाईकोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की अदालत से ही आरोपी को गिरफ्तार कर कस्टडी में लेने का निर्देश देते हुए उसे संबंधित कोर्ट में प्रस्तुत करने को कहा.

### सदानों ने अधिकार मार्च में भरी हुंकार, राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौंपा

# अब माटी के लिए वोट देंगे सदान

### खास बातें

- सदानों की बात करनेवाला ही झारखंड में राज करेगा : राजेंद्र
- झारखंड राज्य बनने के बाद छीने जा रहे सदानों के अधिकार





संवाददाता। रांची

मूलवासी सदान मोर्चा के तत्वावधान पर मंगलवार को मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से अधिकार मार्च रैली के रूप में निकाली गई. इसका नेतृत्व केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने किया. रैली मोरहाबादी से तय मार्ग से होते हुए राजभवन के समक्ष पहुंच कर सभा में तबदील हो गई. सदान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने राजभवन में राज्यपाल के नाम अपनी मांगों से संबंधित 15 सूत्री ज्ञापन सौंपा.

ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि स्थानीय नीति को अंतिम सर्व 1964 के आधार पर परिभाषित किया जाए और नियोजन नीति स्थानीय नीति के आधार पर तय किया जाए, विधानसभा की सीट को 81 से बढ़ा कर 160 किया जाए, लोकसभा की सीट को 14 से बढ़ कर 28 किया जाए, सदान आयोग का गठन किया जाए, झारखंड पिछड़ा आयोग की अनुशंसा को लागू कर ओबीसी को 50 फीसदी आरक्षण झारखंड सरकार दे, सवर्ण को 10 फीसदी मिलने वाला आरक्षण झारखंड के मूलवासी सदन को दिया जाए, वर्ष 2024 से पहले विधान परिषद का गठन किया जाए, जिससे उन क्षेत्रों के मूलवासी सदानों को भी विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल सके. 2024 विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड का परिसीमन एवं जातीय जनगणना की जाए आदि मांगे शामिल हैं.

केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य बने 23 वर्ष हो गए, लेकिन एक स्थानीय नीति सरकार नहीं बना पाई. उन्होंने कहा कि सदानों के शहादत से झारखंड राज्य मिला, लेकिन राज्य बनने के बाद भी मूलवासी सदानों के अधिकार छीने जा रहे हैं. इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. 2024 के विधानसभा चुनाव में मूलवासी सदान सत्ता किसे देंगे, वह अक्टूबर माह में तय होगा. उन्होंने कहा कि जो मूलवासी सदानों की बात करेगा, वहीं झारखंड में राज करेगा. सदान अब पार्टी के लिये नहीं माटी के लिये मतदान करेंगे. मौके पर क्षितिश कुमार राय, विश्वनाथ गोप आरती देवी, प्रभा देवी, कृष्ण सिंह, बहादुर नारायण सिंह,रवि प्रसाद, मेहरा खातून, मुमताज खान, किशोर गौंझू, सयुम अंसारी, महेश महतो ने भी अपने विचार रखे.

### ऑपरेशन के बाद महिला मरीज की सेहत में सुधार

# रिम्स निदेशक ने खुद ही किया ब्रेन ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

संवाददाता। रांची

### खास बातें

- डॉ. राजकुमार के नेतृत्व में रिम्स में किया गया ऑपरेशन
- पहले एसजीपीजीआई, लखनऊ जाना चाहती थीं महिला मरीज

रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार द्वारा मंगलवार को 55 वर्षीय महिला के ब्रेन ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया गया. इटकी, निवासी कुंती देवी अपने ब्रेन ट्यूमर के ऑपरेशन के लिए एसजीपीजीआई, लखनऊ जाना चाहती थीं, परंतु जब उन्हें न्यूरो सर्जन डॉ. राजकुमार के रिम्स के निदेशक के तौर पर पदस्थापित होने की जानकारी मिली, तो वह स्वेच्छा से रिम्स में ऑपरेशन के लिए सहमत हुईं.

डॉ. राजकुमार रिम्स से जुड़ने से पहले एसजीपीजीआई, लखनऊ में न्यूरो सर्जरी के विभागाध्यक्ष थे. मरीज अभी चिकित्सकों की निगरानी में है और स्वस्थ होते ही उसे अस्पताल से जल्द छुट्टी दे दी जाएगी. डॉ राजकुमार के साथ टीम में न्यूरोसर्जरी विभाग के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. आनंद प्रकाश एवं सीनियर रेजिडेंट डॉ. दीपक और डॉ. संजीव ने सर्जरी में सहायता की.



एनेस्थीसिया टीम का नेतृत्व डॉ. एकरामुल हक, डॉ. सौरभ सुमन और डॉ. प्रभा ने किया.

---

**साधा निशाना**

### चाईबासा सांसद ने कांग्रेस पर लगाया तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप

# कांग्रेस अब भी न जागी, तो पूरी पार्टी डूब जाएगी: गीता

प्रमुख संवाददाता। रांची

चाईबासा की सांसद गीता कोड़ा के भाजपा के शामिल होने से सियासी बयानबाजी शुरू हो गयी है. सत्ता पक्ष के लोगों ने मधु कोड़ा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के पास वाशिंग मशीन है, वहां जाकर सभी साफ हो जाते है. इसे नकारते हुए गीता कोड़ा ने कहा कि अगर कोई गलत है, तो उसे सजा होगी. साथ ही कहा कि मधु कोड़ा पर चल रहे मुकदमों में अदालत ने क्लीन चिट दे दी है.

कांग्रेस का हाथ छोड़ भाजपा का दामन थामनेवाली कांग्रेस की इकलौती सांसद गीता कोड़ा ने पार्टी छोड़ने की कई वजहें गिनाई हैं.



उन्होंने कहा कि उन्हें बेहद सम्मान के साथ पार्टी में कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया, लेकिन बिना काम का. उन्होंने प्रदेश से लेकर केंद्र स्तर तक पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए कई काम किये, जो झारखंड के हित में थे. लेकिन पार्टी ने कभी इस पर संज्ञान नहीं लिया. उन्होंने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का भी आरोप लगाया.

### 'हेमंत बाबू ने गलत किया, आदिवासियों को ठगा'

सांसद कोड़ा ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी पर कहा कि हेमंत बाबू ने गलत किया है. उन्होंने आदिवासियों का वोट लेकर उन्हें ठगने का काम किया है और सिर्फ अपने परिवार का विकास किया है.

### 'मजबूती से फैसला लेते हैं प्रधानमंत्री मोदी'

गीता कोड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आदिवासी हितों की बात तो करती थी, लेकिन उस पर काम नहीं कर रही थी. प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए कहा कि वे जिस तरह सभी मुद्दों पर मजबूती से फैसला लेते हैं, वो कबिले तारीफ है. आने वाले चुनाव में चाईबासा सीट पर दावेदारी के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा उन्होंने सिर्फ टिकट के लिए ज्वाइन नहीं किया है, बल्कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी के कार्य करने का तरीका पसंद है. उन्होंने कहा कि अगर झारखंड और यहां के लोगों का कोई विकास कर सकता है, तो वो भारतीय जनता पार्टी ही है.

### 'सरना धर्म कोड पर राज्य सरकार ने सिर्फ स्टंट किया'

आदिवासियों की मांग को लेकर चाईबासा सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि हम आदिवासी हैं और हम आदिवासियों के हित की बातों को आगे रखेंगे. कहा कि राज्य सरकार ने इस मामले में सिर्फ पब्लिक स्टंट किया था, जो सिर्फ कुछ समय के लिए सुनने में तो अच्छा लगा, लेकिन उसे धरातल पर उतारने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी. उन्होंने कांग्रेस पार्टी की खामियों को गिनवाया और लोकसभा चुनाव में 14 सीटों पर झारखंड और पूरे भारत में 400 सीट पर बीजेपी की जीत का दावा किया.

# दो साइकलिस्ट का भारतीय हाई परफॉर्मेंस सेंटर के लिए चयन

संवाददाता ।रांची

झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाईटी (जेएसएसपीएस) के दो साइकलिस्ट नारायण महतो एवं सबीना कुमारी का चयन दिल्ली स्थित भारतीय हाई परफॉर्मेंस सेंटर के लिए हुआ है. उन्होंने 43वीं सीनियर और 30वीं जूनियर एशियाई ट्रैक साइकलिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण एवं रजत पदक हासिल किया है.

जेएसएसपीएस भारतीय हाई परफॉर्मेंस सेंटर देश का एक उच्च स्तरीय प्रशिक्षण केंद्र है, जहां अंतरराष्ट्रीय एवं ओलंपिक से संबन्धित प्रतियोगिता को ध्यान में रखकर प्रशिक्षण दिया जाता है. नारायण महतो एवं सबीना कुमारी का



प्रशिक्षण मार्च माह से शुरू होगा. जेएसएसपीएस के साइकलिंग प्रशिक्षक राम कुमार भट्ट ने जानकारी दी कि जूनियर विश्व साइकलिंग प्रतियोगिता के पहले हाई परफॉर्मेंस सेंटर में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे आगामी जूनियर विश्व साईकलिंग प्रतियोगिता जो चीन में आयोजित की जाएगी.

### एयरपोर्ट कंट्रोलर हत्याकांड में अमन चंद दोषी करार

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने मंगलवार को एयरपोर्ट कंट्रोलर सोनू मरांडी की हत्या मामले की सुनवाई करते हुए अभियुक्त अमन चंद को दोषी पाया है. साथ ही उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए सात मार्च की तारीख निर्धारित की है. एयरपोर्ट रोड पर दिनदहाड़े कार को गलत मार्ग पर मोड़ने से मना करने पर एयरपोर्ट कंट्रोलर की हत्या कर दी गई थी. अभियुक्त मूलतः हजारीबाग जिला के यशवंतनगर निवासी है. घटना को 28 मई 2022 को अंजाम दिया गया था. मामले को लेकर मृतक हिनू खोरमटोली निवासी एयरपोर्ट कंट्रोलर सोनू मरांडी की पत्नी अनस्तासिया मुर्मू ने एयरपोर्ट थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी. एयरपोर्ट पुलिस ने 3 जून 2022 को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था.




# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in बुधवार 28 फरवरी 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 04 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 311 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




शिबू सोरेन ने हमलोगों को बेहतर संस्कार दिया है

झामुमो की संकल्प सभा में भाजपा को सबक सिखाने का कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

# साजिश के तहत हेमंत को भेजा गया जेलः चंपाई



विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड आदिवासी मूलवासियों का है. रांची ही नहीं, बोकारो, धनबाद और जमशेदपुर की जमीन भी आदिवासी मूलवासियों की है. आदिवासी और मूलवासियों के हजारों एकड़ जमीन पर कब्जा है. यह मोदी सरकार को नहीं दिख रहा. सिर्फ 8 एकड़ जमीन की बात हो रही. जिसका खाता बही नहीं. कहीं भी हेमंत सोरेन का नाम नहीं है. फिर भी एक षडयंत्र के तहत युर्वा सम्राट और हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया. 2024 के चुनाव में इसका जवाब देंगे. उक्त बातें सीएम चंपई सोरेन ने पुराने विधानसभा मैदान में कही. वे झामुमो के संपल्प रैली को संबोधित कर रहे थे. आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय व हेमंत को जेल भेजने के खिलाफ संकल्प सभा का आयोजन किया गया था.

चंपाई ने कहा कि यहां डबल इंजन सरकार थी. जिसने हाथी उड़ाया.नौकरी के नाम पर युवकों का धोखा दिया. आदिवासियों की संपत्ति को लूटने का काम किया. ऐसी पार्टी, जिसने हमारे नेता को जेल भेजा, उसे सबक सिखाने का समय आ गया है. बीजेपी बहरूपिया पार्टी है. हमसब संकल्प लें कि उस पार्टी को जीतने नहीं देंगे. चुनाव में 14 सीटों पर महागबंधन को जिताने का काम करेंगे.

**हमारे बच्चे नहीं पढ़ें, इसलिए बंद कर दिया 5000 स्कूल :** सीएम ने कहा कि भाजपा शिक्षा, महंगाई, बेरोजगारी पर बात नहीं करती. क्योंकि कभी भी इस पर काम किया ही नहीं. इनकी सोच थी कि हमारे बच्चे पढाई नहीं करे, तभी तो 5000 स्कूल को बंद कर दिया. जब हेमंत की सरकार बनी, तो आदिवासी-मूलवासियों के लिए योजनाएं शुरू हुईं. आज हमारे बच्चे विदेशों में पढ़ने जा रहे है. हेमंत को काम का कम समय मिला. सरकार बनी, तो दो साल कोरोना रहा. इसके बाद काम शुरू हुआ, रोजगार मिलने लगा, शिक्षा का स्तर सुधरा, तो ये भाजपा को अच्छा नहीं लगा. हेमंत को जेल भेज दिया. हम भी मांग करते है कि केंद्र सरकार आदिवासियों की जमीन, खनिज संपत्ति वापस करे. ऐसे लोगों से सतर्क रहना है. आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाना है.



## खाता न बही, ईडी जो कहे, बस वही सही : मिथिलेश

मंत्री मिथलेश ठाकुर ने कहा कि खाता न बही, ईडी जो कहें, वहीं सहीं. इसी आधार पर हमारे नेता को जेल भेजा गया. एक साजिश के तहत ऐसा किया गया. हम दिल्ली में जाकर कहेंगे कि लालकिला मोदी का है, तो क्या मोदी को ईडी गिरफ्तार करेगी. लेकिन झारखंड में बिना किसी सबूत के ही हेमंत सोरेन को ईडी दोषी बता रही है. उन्होंने कहा कि हमें भगवान ने बनाया. मगर एक आदमी है, जो प्रचार कर रहा है वह धरती पर राम लला को लाया है. आमलोग परेशान है. जीएसटी और नोटबंदी से आमलोगों को कोई फायदा नहीं हुआ. मोदी सरकार को सबक सिखाने, हमारे नेता को जिसने जेल भेजा, उसको सबक सिखाने का संकल्प लें. रैली को मंत्री दीपक बिरूआ, मंत्री हफीजुल हसन, विधायक बैजनाथ राम सहित कई नेताओं ने संबोधित किया. मंच से पार्टी नेताओं ने लोगों का आभार व्यक्त किया, जो दो दिन की नोटिस में ही संकल्प रैली में शामिल होने के लिए भारी संख्या में उपस्थित हुए.

चंपाई ने कहा कि जीवनभर आदिवासियों के नेता शिबू सोरेन ने जमीन की लड़ाई लड़ी. महाजनी प्रथा का विरोध किया. आदिवासी कैसे आगे बढ़ें, इसके लिए काम किया. उनके पुत्र को जमीन के मामले में फंसा कर जेल भेज दिया. सीएम ने कहा कि जनता ने हेमंत को सरकार बनाने का मौका दिया. इससे भाजपा डर गई. जब से हेमंत की सरकार बनी थी, तभी से उसको अस्थिर करने का काम किया जाता रहा. बात नहीं बनी, तो सोची समझी साजिश करके हमारे नेता को जेल में डाल दिया. हेमंत जबतक जेल से बाहर नहीं आ जाते, हमलोगों का संकल्प पूरा नहीं होगा. चंपाई ने कहा कि हेमंत को बेवजह परेशान किया जाता रहा. झारखंड हमारे पूर्वजों के बलिदान की धरती है. यह भगवान बिरसा और तिलका मांझी की धरती है. इसके बाद भी आदिवासियों और मूलवासियों को बंधक बना कर रखने का काम किया गया. जब हेमंत आदिवासी, मूलवासी की आवाज बने, तो उनकी आवाज को भी दबाने का काम किया गया.

**वर्चस्व की जंग :** गो सेवा आयोग में दोनों पक्षों ने रखी अपनी बात, आम सभा पर बनी सहमति

# रांची गौशाला न्यास का चुनाव स्थगित

राजन बॉबी। रांची

रांची गौशाला न्यास का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है. गौशाला के पूर्व पदाधिकारियों द्वारा न्यास के वर्तमान पदाधिकारियों पर लगाए गए मनमानी के आरोप को गंभीरता से लेते हुए गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन ने दोनों पक्षों को आयोग के समक्ष पक्ष रखने को कहा. अध्यक्ष की पहल पर न्यास के और उनपर सवाल उठा रहे लोग अपराह्न 3 बजे आयोग कार्यालय हटिया पहुंचे. तीन घंटे की मैराथन बैठक में एक पक्ष ने 135 लोगों की सदस्यता का मामला उठाया. दोनों पक्षों ने अपने-अपने तर्क रखे. इससे पहले पूर्व सचिव के पक्ष की ओर से गौशाला में मनमानी व जमीन बिक्री सहित अन्य मामलों को लेकर कोर्ट में वर्तमान पदाधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज करा दिया गया है. ललित पोद्दार की मानें, तो मामले में बुधवार को सुनवाई की भी तिथि तय की गयी है. आयोग के अध्यक्ष ने दोनों पक्षों को के बाद चुनाव स्थगित कर आमसभा कराने व उसमें सारे विवाद सलटाने को कहा. अध्यक्ष ने दोनों पक्षों को आमसभा कराने के लिए रजामंद किया. न्यास के चेयरमैन रतन जालान ने कहा कि बुधवार को होनेवाला चुनाव स्थगित कर दिया गया है, लेकिन दिन के 11 बजे से मान्या पैलेस में आमसभा होगी.

**न्यास का कार्यकाल दिसंबर 2023 में ही हो चुका है पूरा :** रांची गौशाला न्यास का कार्यकाल दिसंबर में ही पूरा हो गया था. नया चुनाव नहीं हो सका है. अब आमसभा के बाद ही नये चुनाव की संभावना है. इससे पूर्व 2021 में न्यास का चुनाव कराया गया था.

**पहले 4 फरवरी को चुनाव की घोषणा हुई थी :** गौशाला न्यास का चुनाव पहली दफा 4 फरवरी को होना था, लेकिन सदस्यता पर उठे सवाल के बाद टाल दिया गया. जब चुनाव स्थगित हुआ तो न्यास के कई लोगों ने एक-एक कर वाट्स एप ग्रुप में इस्तीफा दे दिया था. बाद में उपाध्यक्ष रतन जालान ने अध्यक्ष पद की जिम्मेवारी संभाल ली थी. न्यास की ओर से रतन जालान को आमसभा, चुनाव कराने से लेकर न्यास से संबंधित अन्य जिम्मेवारियां सौंपी गयी थीं.

## पूर्व पदाधिकारियों के खेमे ने सिविल कोर्ट में भी केस दर्ज कराया

## आज दिन के 11 बजे से मोरहाबादी के मान्या पैलेस में होगी आमसभा



### सदस्यता पर पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियों में नोंकझोंक

उधर कागजात के साथ आयोग के अध्यक्ष के समक्ष अपना पक्ष रखा. वहीं न्यास ने कहा कि गलत प्रक्रिया के तहत सदस्य बनाये गये था. सदस्यता को ले जो तर्क दिये, दूसरे पक्ष ने विरोध किया. दोनों पक्षों में इस पर नोंकझोंक भी हुई. पूर्व पदाधिकारियों ने सदस्यता को जायज ठहराते हुए सदस्यता शुल्क की रसीद अध्यक्ष को सौंपी. बताया कि शुल्क बैंक खाते में जमा भी हो चुका है. यदि मौजूदा पदाधिकारी सदस्यता प्रक्रिया को गलत ठहरा रहे हैं, तो फिर उनका सदस्यता शुल्क कैसे जमा लिया गया. यदि प्रक्रिया ही गलत थी, तो संविधान के तहत तत्काल शुल्क मद में ली गयी राशि वापस क्यों नहीं कर दी गयी. हालांकि इस पर न्यास के पदाधिकारी कोई ठोस जवाब नहीं दे पाये.

### पूर्व की कमेटी ने ही सदस्यता पर लिया था फैसला

अपना पक्ष रखते हुए ज्योति बजाज ने बताया कि 135 लोगों को न्यास का आजीवन सदस्य बनाया गया था. अध्यक्ष को बताया कि तब कार्यकारिणी के 9 में से पांच सदस्यों ने नए लोगों को लाइफ मेंबर बनाने का फैसला लिया था. बहुमत पर पैसला हुआ. इस पर तत्कालीन अध्यक्ष ने भी सहमति जता दी थी. ऐसे में इन 135 सदस्यों की सदस्यता पर सवाल उठाना उचित नहीं. यदि कोई संशय है, तो उसे दूर करें. लेकिन ऐसा न कर वर्तमान पदाधिकारी चुनाव कराने पर आमादा हैं, जो कही से भी उचित नहीं.

### आखिर सदस्यता से क्यों दरकिनार रखा गया

इसका विरोध करते हुए ज्योति बजाज ने कहा कि कैसे गौशाला न्यास के लाइफ मेंबर को सदस्यता से वंचित रखते हुए उन्हें उनके अधिकार से आखिर क्यों वंचित रखा जा रहा. इनमें से 25 को सदस्यता दी गयी, लेकिन बाकी के 110 लोगों को किस बिना पर वंचित रखा गया. पिक एंड चूज के आधार पर सदस्यता पर फैसला लिया, जो कही से जायज नहीं. पूर्व सचिव ने सवाल उठाये कि जब 25 लोगों को सदस्यता दी गयी, तो बाकी के लोगों को सदस्यता से आखिर किस बिना पर दरकिनार कर दिया गया.

### बिना आमसभा किए ही चुनाव कराना बिल्कुल गलत बात

पूर्व सचिव ज्योति बजाज सहित अन्य ने बिना आम सभा किए चुनाव कराने को गलत ठहराया. कहा कि पहले आमसभा होनी चाहिए थी. फिर सर्वसम्मति से चुनाव होना चाहिए था. इस पर आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने दोनों पक्षों के लोगों से चुनाव स्थगित कर आपसी सहमति से आमसभा कराने को कहा. दोनों पक्षों ने इस पर रजामंदी भी जतायी. देर रात चुनाव स्थगित कर मोरहाबादी स्थित मान्या पैलेस में आमसभा कराने की घोषणा कर दी गयी.

### चुनाव की घोषणा हुई पर सदस्यता पर चुप्पी

पहले 4 फरवरी को न्यास का चुनाव कराने की घोषणा हुई, तो ज्योति बजाज, ललित पोद्दार ने 135 सदस्यों की सदस्यता का मामला उठाया. पोद्दार बोले- 2 फरवरी को उन्होंने रतन जालान से फोन पर 135 सदस्यों की सदस्यता का मामाला उठाया. बताया कि कुछ सदस्य उनके पास पहुंचे थे और बता रहे थे कि न्यास में उनकी सदस्यता नहीं है.

### जब बात नहीं सुनी, तो एसडीओ के पास गए

ललित पोद्दार का कहना है कि जब रतन जालान ने 135 लोगों की सदस्यता के सवाल पर चुप्पी साधे रखी, तो उनलोगों ने सदर एसडीओ के पास मामले की शिकायत की. साथ ही कोतवाली थाने में भी आवेदन देकर मामले की शिकायत की. ललित के अनुसार, एसडीओ व कोतवाली के थानेदार ने रतन जालान को आपस में बैठ कर सदस्यता का विवाद सलटाने को कहा था.

## गौशाला न्यास समिति के पदाधिकारियों ने कहा-आरोप निराधार

### आरोप न लगाएं, गो सेवा कर जीवन धन्य करें : किशोरी

ट्रस्टी किशोरी लाल चौधरी ने कहा कि गौशाला न्यास समिति पर लगाया जा रहा आरोप निराधार है. गौशाला सामाजिक संस्था है. यहां राजनीति करने के बजाय गो सेवा कर जीवन धन्य करना चाहिए. ट्रस्ट का कार्य और फैसला पूरी तरह से पारदर्शी होता है. इसपर उंगली उठाना जायज नहीं है. राजकुमार केडिया को जमीन बेचकर ट्रस्टी बनाये जाने पर उन्होंने कहा कि यह भी सभी की सहमति से हुआ है. इसमें किसी तरह की धांधली नहीं हुई है. उस जमीन से गौशाला को किसी तरह का फायदा नहीं हो रहा था, कई अड़चने भी थीं, इस कारण जमीन बेच दी गयी.

### गौशाला से पुराना जुड़ाव है : सुरेशचंद्र अग्रवाल

सुरेशचंद्र अग्रवाल ने कहा कि गौशाला से पुराना जुड़ाव है. गौशाला न्यास समिति के पदाधिकारियों को सामने आकर वस्तुस्थिति स्पष्ट करनी चाहिए. गो सेवा आयोग में बैठक के बाद घंटों गुजर गया है, लेकिन अब तक सोशल मीडिया ग्रुप में न्यास के पदाधिकारियों व कर्ताधर्ता की ओर से किसी भी तरह की कोई भी जानकारी साझा नहीं की गयी है. इससे असमंजस की स्थिति है.

### चुनाव पर तकरार करना उचित नहीं :राजकुमार टिबड़ेवाल

ट्रस्टी राजकुमार टिबड़ेवाल ने कहा कि देश संविधान से चलता है, किसी के कहने मात्र से नहीं. ठीक इसी तरह गौशाला न्यास समिति भी संविधान के अनुरूप ही कार्य करती है. कोई भी फैसला यों ही नहीं लिया जाता. इसके लिए आम सहमति बना कर तमाम प्रकिया पूरी की जाती है. विरोधी पक्ष के लोग जो भी आरोप लगा रहे हैं, वह सरासर गलत है. जहां तक 135 सदस्यों की बात है, ट्रस्ट ने बैठक कर उनकी सदस्यता रद्द की थी,किन्हीं एक-दो लोगों ने मनमाने ढंग से इस पर फैसला नहीं लिया था.

### जिन्हें कभी सरोकार नहीं रहा, उन्हें ही बना दिया ट्रस्टी

गौशाला न्यास समिति के क्रियाकलाप पर अब लोग दबे-छुपे मुखर होने लगे हैं. न्यास से जुड़े कुछ लोगों ने नाम न छापने का आग्रह करते हुए बताया कि न्यास के ट्रस्टी तो बात संविधान फॉलो करने की करते हैं, पर अंदर ही अंदर कुछ और खेल कर दिया जाता है, जो हास्यस्पद है. राजकुमार केडिया और सतीश तुलस्यान ने कभी गौशाला से सरोकार नहीं रखा, फिर भी उन्हें ट्रस्टी बना दिया गया. कई लोग वर्षों से योगदान दे रहे हैं. गौशाला के हित में मजबूत स्तंभ बन कर खड़े रहते हैं, पर उन्हें ट्रस्टी नहीं बनाया जाता.

# आज जारी होगा नया टैरिफ महंगी हो जाएगी बिजली दर

विशेष संवाददाता। रांची



विद्युत नियामक आयोग 28 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2023-24 का नया बिजली टैरिफ जारी करेगा. दोपहर 1.30 बजे आयोग अपने कार्यालय में इसकी घोषणा करेगा. मालूम हो कि उक्त वित्तीय वर्ष के लिए जेबीवीएनएल के प्रस्ताव पर आयोग ने अपनी सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली है. जनसुनवाई और सलाहकार परिषद की बैठक करके प्रक्रिया पूरी कर ली है.

**जेबीवीएनएल का यह है प्रस्ताव :** जेबीवीएनएल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए घरेलू कंज्यूमरों के लिए प्रति यूनिट 2.30 रूपया बढ़ाने का प्रस्ताव आयोग को दिया था. वर्तमान में शहरी घरेलू कंज्यूमरों का बिजली दर 6.30 रुपये प्रति यूनिट है. जिसे बढ़ाकर 8.60 रुपये करने का प्रस्ताव जेबीवीएनएल ने दिया है. यह दर 400 यूनिट से अधिक खपत करने वालों के लिए है. जबकि जबकि 100 से 400 यूनिट तक खर्च करने वाले कंज्यूमरों के लिए 7.60 प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव है. मालूम हो कि पूर्ववर्ती हेमंत सरकार 100 यूनिट तक खपत करने वाले बिजली कंज्यूमरों को फ्री बिजली योजना दे रही है. वहीं वर्तमान चंपाई सोरेन सरकार ने इसे 100 से बढ़ाकर 125 यूनिट खपत तक फ्री करने की घोषणा की है. जिसे आयोग अपने बिजली टैरिफ में दर्शा सकता है. हालांकि यह आयोग पर निर्भर करता है कि वह जेबीवीएनएल के प्रस्ताव पर कितना प्रतिशत तक बिजली दर बढ़ाएगा. आयोग नया टैरिफ जारी करने के पहले एक बार ऑनआफिशयल तरीके से सरकार से राय-मशवरा करता है. सरकार के निर्देश पर ही अंततः आयोग अंतिम रूप से कोई फैसला लेता है.

## हेमंत सत्र में भाग लेंगे या नहीं, फैसला आज

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री और बरहेट के विधायक हेमंत सोरेन के द्वारा उन्हें विधानसभा ने बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगे जाने से संबंधित याचिका पर हाईकोर्ट बुधवार को फैसला सुनाएगा. अदालत ने फैसले की तिथि निर्धारित कर दी है. सोमवार को हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. हेमंत सोरेन ने रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उन्हें बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इंकार कर दिया था. हाईकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई. हेमंत की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल, पियूष चित्रेश और श्रेय मिश्रा ने बहस की. वहीं ईडी की ओर से एएसजीआई एस वी राजू ने हेमंत सोरेन की याचिका का विरोध किया.

## 4 आईएएस बदले, अक्षय बने जेपीएससी के सचिव


**रांची।** राज्य सरकार ने चार आइएएस का तबादला कर दिया है. जेपीएससी के सचिव पद पर तैनात चंद्र किशोर उरांव को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक नागरिक सुरक्षा आयुक्त बनाया गया है. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता में अपर सचिव के पद पर तैनात अक्षय कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए जेपीएससी का सचिव बनाया गया है. परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, साहिबगंज के पद पर तैनात सुनील सिंह को स्थानांतरित करते हुए अपर सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई. डीडीसी खूंटी नीतीश कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए निदेशक, अंकेक्षण निदेशालय, वित्त विभाग, में पदस्थापित किया गया है. सिंह अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ निदेशक, पेंशन एवं लेखा निदेशालय, वित्त विभाग के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे. कार्मिक विभाग ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिया है.

**समस्या** गर्मी देनेवाली है दस्तक, लेकिन पेयजल की समस्या का निदान नहीं

# अरगोड़ा टुगरी टोला की बड़ी आबादी को चाहिए पानी

रेहान अहमद। रांची


गर्मी आने को है. पेयजल संकट गहराने लगा है. अरगोड़ा टुंगरी टोला में 5 हजार की आबादी रहती है. इसके लिये सरकारी पहल पर 4 मिनी एचवाईडीटी एवं आधी आबादी को सप्लाई कनेक्शन दिया गया है. लेकिन सप्लाई पानी मिलने का कोई इंतजाम नहीं हुआ है. इलाके में पानी का टैंकर भी बहुत कम आता है. जिससे सभी को पानी भी नसीब नहीं हो पाता है. जल संकट हल के लिए पूरे क्षेत्र में पानी सप्लाई का कनेक्शन देने की सख्त जरूरत है. इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.



### पानी जीवन का अहम हिस्सा, निगम को ध्यान देने की जरूरत : सुशील


सुशील तिग्गा ने कहा कि क्षेत्र की पूरी आबादी में सप्लाई पानी का कनेक्शन नहीं बिछाया गया है. यह एक बड़ी परेशानी है. इस ओर ध्यान देने की जरूरत है. यदि पूरी आबादी में सप्लाई का कनेक्शन मिल जाये तो तेज गर्मी में भी पानी की परेशानी से राहत मिल पायेगी. इसलिए नगर निगम को इस ओर भी ध्यान देने चाहिये. क्योंकि लोगों के जीवन का अहम हिस्सा पानी भी है.

### अभी तो मिल रहा पानी, पर गर्मी में होगी परेशानी : रवि



रवि तिग्गा ने कहा कि पानी का कनेक्शन नहीं है. हर साल तेज गर्मी में जल संकट गहराने लगता है. नगर निगम को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है. मिनी एचवाईडीटी से भी सभी को पानी पूरा नहीं पड़ पता है. गर्मी के दिनों में सुबह उठते ही सबसे पहले पानी की ही चिंता सताती है.

### कहां से मिलेगा पानी सोच कर डर लगता है : अनिल



अनिल टोप्पो ने कहा कि नगर निगम द्वारा लगाया गया मिनी एचवाईडीटी से पानी रोजाना भर लेते हैं. अभी तो सभी को पानी पूरा पड़ जा रहा है. लेकिन गर्मी आते ही पानी की किल्लत गहराने लगती है. पानी की परेशानी का ख्याल भी दिल में आता है तो डर जाते हैं कि आगे आने वाली गर्मी में क्या होगा.

**सूरत-ए-हाल** राजधानी के इरगू टोली से रोड नं. 3 में जाने के लिए रास्ता नहीं

# एक साल से ठप पानी टंकी ने बढ़ायी लोगों की चिंता

संवाददाता। रांची

गर्मी शुरू होने में अब चंद दिन ही शेष रह गए हैं. ऐसे में पानी की किल्लत को लेकर लोग अभी से ही चिंतित नजर आ रहे हैं. राजधानी रांची के वार्ड नम्बर 27 अंतर्गत श्रीनगर मोहल्ले के रोड न. 3 में विधायक कोष से बनी पानी की टंकी पिछले एक वर्ष से बंद पड़ी है. स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पानी टंकी पुनः चालू नहीं की गई तो गर्मी शुरू होते ही लोग पानी के लिए तरस जाएंगे.



### जान जोखिम में डालकर बिजली पोल के सहारे नाला पार करते हैं लोग

**होली के बाद शुरू होती है पानी की किल्लत : पुष्पा :** स्थानीय निवासी पुष्पा देवी ने बताया कि होली के बाद से ही पानी की किल्लत शुरू हो जाती है. लगभग 25 से 30 दिनों बाद पानी की समस्या शुरू हो जाएगी.

**समस्या का निदान नहीं : तारो :** तारो देवी ने बताया कि विधायक कोष से पानी टंकी का निर्माण कराया गया था, लेकिन पिछली गर्मी से ही टंकी बंद पड़ी है.

**पानी के लिए डेढ़ किलोमीटर चलना पड़ता है पैदल : गोपाल वर्मा :** गर्मी में पानी लाने के लिए एक से डेढ़ किमी पैदल चलना पड़ता है. जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है.

**आवागमन के लिए बिजली का पोल ही सहारा : फूला देवी :** श्रीनगर निवासी फूला देवी ने बताया कि इरगू टोली मैदान से रोड नम्बर तीन तक पहुंचने के लिए नाले के ऊपर रखे बिजली के पोल का सहारा लेना पड़ता है. बरसात के दिनों में नाले का गंदा पानी ऊपर तक भर आता है, जिसके बाद आवागमन के लिए रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है.

# रांची के बरियातू में 'सिद्धार्थ लोटस' का भूमि पूजन कल

संवाददाता। रांची

अमविशा रियल इस्टेट के बहु प्रतिक्षित लग्जरियस प्रोजेक्ट की भव्य लॉन्चिंग गुरुवार को होगी. यह जानकारी अमविशा रियल इस्टेट के मैनेजिंग डॉयरेक्टर अमरेश झा ने दी. उन्होंने बताया कि सिद्धार्थ लोटस अत्याधुनिक जीवन शैली की सभी सुविधाओं से परिपूर्ण चेशायर होम रोड, बरियातू, रांची में अवस्थित है. यह प्रोजेक्ट रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से 18 किमी, रांची रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से पांच किलोमीटर की दूरी पर है. अच्छे स्कूल, रिम्स अस्पताल, जिमखाना क्लब, खेलगांव, मेन मार्केट सभी निकटतम दूरी पर है. इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खूबी इसके निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग तकनीक का प्रयोग है, जो सामान्यतः मेट्रो सिटीज के भवन निर्माण में प्रयोग किया जाता है. इससे भवन की मजबूती भी बहुत उम्दा एवं पर्यावरण अनुकूल होती है. भवन निर्माण में अत्याधुनिक तकनीक और वास्तु के नियमों का खास ध्यान रखा जाएगा. झारखंड के प्रसिद्ध आर्किटेक्ट राजीव चड्ढा ने सिद्धार्थ लोटस की डिजाइनिंग की है. इन अत्याधुनिक तकनीकों के प्रयोग और आधुनिक जीवन शैली की सभी सुविधाओं से परिपूर्ण इसकी कीमत को प्रबंधकों ने बहुत ही रिजनेबल रखा है. यह प्रोजेक्ट रांची नगर निगम एवं रेरा से एप्रूव्ड है और इसे एनजीटी का भी क्लीयरेंस प्राप्त है. प्रबंध निदेशक अमरेश झा ने आगे बताया कि प्रोजेक्ट के इच्छुक ग्राहकों को प्रमुख बैंकों एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक के साथ लोन फाइनेंस कराने की भी सुविधा उपलब्ध है.

बता दें कि सिद्धार्थ लोटस में 3 एवं 4 बीएचके फ्लैट के साथ-साथ प्रीमियम क्वालिटी के पेंटहाउस भी उपलब्ध होंगे. झारखंडवासी अपने बजट और अपनी आवश्यकता अनुसार किसी भी साइज का फ्लैट बुक कर सकते हैं. प्रबंधकों ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में 70 प्रतिशत ओपेन स्पेस एरिया, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, जिम्नेजियम, जोगिंग ट्रैक, क्लब एवं स्वीमिंग पूल, स्पोर्ट्स बार और कैफेटेरिया, इनडोर गेम्स, गार्डेन, किड्स प्ले एरिया, योगा एंड मेडिटेशन सेंटर आदि सभी अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेंगी.



### उम्दा क्वालिटी के लिए प्रतिबद्ध है सिद्धार्थ लोटस

अमविशा रियल इस्टेट के मैनेजिंग डॉयरेक्टर अमरेश झा ने आगे कहा कि सिद्धार्थ लोटस अपने उम्दा क्वालिटी और समय पर डिलीवरी के लिए प्रतिबद्ध है. इस अवसर पर कंपनी के कई पदाधिकारी अजय कुमार सिंह,मीनाक्षी झा, अनुज वत्स, बीपी सिंह, यूपी सिंह, विनोद कुमार पटेल, सुनील कुमार, कुमार गौतम, पंकज कुमार, सत्यम कुमार, पूजा मौजूद थे. इच्छुक ग्राहक 8271985000 और 9939167506 पर संपर्क कर सकते हैं. वेबसाइट है: www.amvisha.com

# दुकानों में काले झंडे लगा कर किया अधिक वसूली का विरोध

संवाददाता। रांची

धुर्वा स्थित एचईसी साप्ताहिक बाजार में निर्धारित रेट से ज्यादा शुल्क वसूले जाने के खिलाफ फुटपाथ विक्रेता संघ के दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों के समक्ष काला झंडा लगाकर विरोध जताया. वार्ड नम्बर 39 के पूर्व पार्षद वेद प्रकाश ने बताया कि शुल्क वसूली के लिए एचईसी द्वारा निर्धारित रेट चार्ट के बजाय ठेकेदार मनमाने ढंग से वसूली कर रहा है.

दुकानदारों ने बताया कि ठीकेदार 30 रुपये के बदले 300 और 100 के बदले 1000 रुपये तक का शुल्क वसूल रहा है. धुर्वा थाना में इसकी शिकायत के बावजूद थाना प्रभारी ने अब तक इस मामले में कोई सुध नहीं ली. दुकानदारों ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी ने पक्षपात पूर्ण रवैया अपनाते हुए अवैध वसूली के खेल पर पाबंदी नहीं लगाई. इसके विरोध में धुर्वा सेक्टर 2, सेक्टर 3, जेपी मार्केट व शालीमार बाजार के प्रत्येक फुटपाथ दुकानदार ने अपनी दुकान पर काला झंडा लगाया.

**मशाल जुलूस कल, शुक्रवार को बंदी :** अवैध वसूली के विरोध में दुकानदारों ने गुरुवार को मशाल जुलूस निकालने का फैसला किया है, जबकि शुक्रवार को बंद का आह्वान किया गया है. स्कूल और बस स्टैंड छोड़कर क्षेत्र के सभी दुकानदारों से दुकानें बंद रखने की अपील की गई है.

## राष्ट्रपति का दौराः तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

# राष्ट्रपति आज रांची में, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, कारकेड रिहर्सल



संवाददाता। रांची

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बुधवार को रांची आगमन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है. राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर आईपीएस,डीएसपी सहित 2000 फोर्स की तैनाती कार्यक्रम स्थल सहित पूरे रूट पर की गई है. मंगलवार को पुलिस के वरीय अधिकारियों के द्वारा राष्ट्रपति के कारकेड का रिहर्सल किया गया. रांची एयरपोर्ट से लेकर कारकेड मनातू स्थित सेंट्रल यूनिवर्सिटी तक पहुंचा. जिसका जायजा वरीय अधिकारियों ने लिया और जरूरी निर्देश दिये.

**सुरक्षा में तैनात अफसरों और जवानों को ब्रीफ किया गया :** एसएसपी की अध्यक्षता में राष्ट्रपति की सुरक्षा में तैनात अफसरों और जवानों को ब्रीफ किया गया. राष्ट्रपति की सुरक्षा में तैनात जवानों को निर्देश दिया गया है कि वह अपनी ड्यूटी के प्रति सजग रहें. जिस रूट लाइन से राष्ट्रपति का काफिला गुजरेगा, वहां पूरी तरह से पुलिसकर्मी को सतर्क रहने को कहा गया है. काफिले के रास्ते में पड़ने वाले सभी ऊंची इमारतों पर पुलिस के स्नाइपर जवानों को तैनात किया गया है.

## सीयूजे के तीसरे दीक्षांत समारोह की तैयारियां पूरी

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है. तीसरे दीक्षांत समारोह मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू होंगी. विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास के नेतृत्व में सारी तैयारी सुनिश्चित कर ली गयी है. कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय द्वारा अलग-अलग कमिटियों का गठन किया गया है. इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी पुष्ट है. सुरक्षा को लेकर एक पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को सीयूजे मनातू परिसर में बैठक कर जहां सुरक्षाकर्मियों को सुरक्षा से संबंधित हर तरह की जानकारी दी. राष्ट्रपति के आगमन को लेकर केवल विश्वविद्यालय कैंपस में आंतरिक स्तर पर ही नहीं बल्कि बाह्य स्तर पर भी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. मनातू स्थिति विवि कैंपस में सड़कों का निर्माण भी कर दिया गया है. तीसरे दीक्षांत समारोह में चीन छात्रों को चांसलर मेडल, 58 छात्रों को गोल्ड मेडल और 29 पीएचडी की डिग्री प्रदान दी जाएगी.

## राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था में किया गया बदलाव

**रांची।** 28 फरवरी बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची के सीयूजे में कार्यक्रम को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है. जिसकी जानकारी रांची ट्रैफिक एसपी राज कुमार मेहता ने दी. इसमें कहा गया है कि 28 फरवरी को बिरसा मुंडा हवाई अड्डा, हिनू चौक, बिरसा चौक, एचईसी गेट, धुर्वा गोलचक्कर, वीर कुंवर सिंह चौक, धुर्वा डैम, सर्वेश्वर नगर सेम्बो, दलादली चौक, हाजी चौक, टेण्डरग्राम होते हुए मनातू स्थित केन्द्रीय विश्वविद्यालय तक और फिर केन्द्रीय विवि से टेंडरग्राम, हाजी चौक, दलादली चौक, सेम्बो, सर्वेश्वर नगर, बिरसा चौक, हिनू चौक से होते हुए बिरसा मुण्डा हवाई अड्डा तक सामान्य यातायात पर सामयिक पाबंदी लगायी जाएगी.

### ऐसी रहेगी रांची नगर की यातायात व्यवस्था

- कारकेड के आगे बढ़ने के उपराना पिछले रास्तों / चौक को आवश्यकता आधारित समायान्तर पर सामान्य यातायात के लिए पुनः खोल दी जाएंगी.
- हवाई यात्रियों को बिरसा मुण्डा हवाई अड्डा पहुँचने व हवाई अड्डा से अपने गंतव्य तक जाने के लिए अतिरिक्त 1 (एक) वैकल्पिक मार्ग को चिन्हित किया गया है.
- शालीमार बाजार-एटीएस के मख्य द्वारा-प्रनात तारा मैदान - जेएससीए स्टेडियम-धुर्वा चौक -धुर्वा बस स्टैंड धुर्वा डैम पतरा टोली-बालालींग रिंग रोड
- नयासराय, दलादली चौक, हाजी चौक, टेण्डरग्राम होते हुए मनाततू चौक से आईटीबीपी से बॉये स्थित केन्द्रीय विश्वविद्यालय, झारखण्ड, मनातू रांची
- 28 फरवरी को मनातू स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची से टेण्डरग्राम, आईटीबीपी से होते हुए तिलता चौक हाजी चौक, दलादली चौक, ललगुटवा-नयासराय-बालालॉग सेम्बो, शहीद मैदान, बिरसा चौक, हिनू चौक एवं बिरसा मुण्डा अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन तक सामयिक अंतराल पर बंद करते हुए आवश्यकतानुसार कारकेड बढ़ने पर खोल दिये जाएंगे.

# पसमांदा महाज का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला, ज्ञापन सौंपा



संवाददाता। रांची

अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण से जुडे.बोर्ड- निगम का गठन करने एवं अन्य मुद्दों को लेकर मंगलवार को अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन के नेतृत्व में झारखंड राज्य पसमांदा मुस्लिम महाज का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मिला. मुलाकात कर उन्होंने मांग पत्र सौंपा. मांग पत्र के माध्यम से कहा गया कि अपने अधिकार व समुचित विकास के लिए झारखंड के आदिवासी, मूलवासी, दलित, मुस्लिम एवं पिछड़ा वर्गों ने एक उम्मीद के साथ महागठबंधन सरकार के लिए एकजुट होकर वोट किया था, लेकिन राज्य में महागठबंधन सरकार गठन के चार वर्ष होने के बाद भी अबतक घोषणा पत्र में किये गए वादे पूरे नहीं किये गये हैं. झारखंड राज्य हज कमेटी, झारखंड राज्य वक्फ बोर्ड, ऊर्दू अकादमी, मदरसा बोर्ड, माइनॉरिटी फाईनेंस कार्पोरेशन का गठन अबतक नहीं हुआ है, झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा झारखंड राज्यकृत प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 2024 में इंटरमीडिएट प्रशिक्षित एवं स्थानक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक एवं ऊर्दू सहायक शिक्षक के पद को मरणशील कर दिया गया है. प्रतिनिधिमंडल में महाज के हाजी जाकिर हुसैन, नौशाद आलम अंसारी, मेराज अहमद, मास्टर सिद्दीक शामिल थे.

# सरना प्रार्थना सभा ने निकाला विरोध मार्च, किया पुतला दहन



संवाददाता। रांची

राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा की रांची महानगर शाखा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को जयपाल सिंह स्टेडियम से अलबर्ट एक्का चौक तक विरोध मार्च सह पुतला दहन कार्यक्रम किया गया. मालूम हो विगत कुछ दिनों पूर्व सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत द्वारा मानवता को शर्मसार करने वाली घटना को अंजाम दिया गया. इनके द्वारा आदिवासी लोगों के साथ अभद्र व्यवहार एवं जाति सूचक शब्द का प्रयोग किया गया था, जिससे आदिवासी समाज की भावना आहत हुई है. विरोध मार्च जयपाल सिंह स्टेडियम से अलबर्ट एक्का चौक तक किया गया. अलबर्ट एक्का चौक में थाना प्रभारी का पुतला दहन किया गया. विरोध मार्च में सदर थाना प्रभारी को नौकरी से बर्खास्त करो का नारा गूंज रहा था. मौके पर महानगर अध्यक्ष चम्पा कुजूर ने कहा कि कानून के रखवालों द्वारा ऐसे व्यवहार से आदिवासी समाज का भरोसा कानून और न्याय से उठता जा रहा है. समिति, सरकार एवं पुलिस प्रशासन से मांग करती है कि ऐसे थाना प्रभारी को बर्खास्त करे, ताकि कोई इस तरह की पुनरावृत्ति न करे. पुतला दहन में तानसेन गाड़ी, दुर्गा उरांव, करमा तिग्गा, अर्जुन गाड़ी, दीपक तिग्गा, पुनिया कुजूर, संध्या कुजूर, सुको भगत, मांगा उरांव, अनिता टोप्पो, मनोज केरकेट्टा आदि शामिल थे.

## न्यूज अपडेट

### आजसू ने रांची विवि के परीक्षा भवन में जड़ा ताला

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग के कामकाज पर प्रश्न उठाते हुए आजसू छात्र संघ ने परीक्षा भवन के बाहर ताला जड़ दिया. इस तालाबंदी का नेतृत्व आजसू छात्र संघ के रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने की. स्नातक सेमेस्टर 2 की परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को बढ़ाने के आश्वासन के बाद ताला खोला गया. अभिषेक शुक्ला ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय की कार्य शैली के कारण यहां के छात्र-छात्राएं हमेशा परेशान रहते हैं. मामला यूजी सत्र 22–26 के छात्र छात्राओं से जुड़ा हुआ है. विश्वविद्यालय में हाल ही में नोटिफिकेशन जारी किया गया था कि बिना इंटरनल मार्क्स के परीक्षा फॉर्म नहीं भरने दिया जाएगा.

### परिवार नियोजन के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**रांची।** नगर निगम द्वारा वार्डों में संचालित हो रही अर्बन हेल्थ एवं वेलनेश सेन्टर में परिवार नियोजन से संबंधित सुविधा उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र पर कार्यरत सभी चिकित्सक एवं स्टाफ नर्सों के लिए मंगलवार को सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी, डॉ. आनन्द शेखर झा की अध्यक्षता में प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनभी द्वारा अंतरा (एमपीए) एवं छाया से संबंधित पावरप्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया. साथ ही पीएसआई इंडिया के प्रणव कुमार झा द्वारा तकनीकी बातें बताई गईं.

### चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि मनाई गई


**रांची।** राष्ट्रीय जयहिंद पार्टी के तत्वावधान में मंगलवार को देश के क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 118 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी. पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष बबन चौबे तथा पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लाइन टैंक रोड स्थित अमर शहीद आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये. इस अवसर पर पार्टी के झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भी मौजूद थे. इस कार्यक्रम में दिनेश्वर पांडे, भगवान राय, मुकेश वर्मा, सनीम अंसारी, तौफीक आलम, श्रीकांत ठाकुर एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

### महादेव मंदिर हिनू से निकलेगी शिव बारात

**रांची।** रांचीः हिनू स्थित शिवपूरी कॉलोनी के महामृत्युंजय महादेव मंदिर समिति की ओर से 8 मार्च को महाशिव रात्रि के दिन प्रभु भोलेनाथ की बारात निकाली जाये. समिति के अरविंद उपाध्याय ने बताया कि शिव जी का बारात हर्षोउल्लास के साथ हिनू शिवपूरी कॉलोनी से होते हुए हिनू क्षेत्र भ्रमण कर वापस मंदिर परिसर लौटेगी. जहां माता पार्वती संग भगवान शिव जी का विवाह संपन्न होगा. कहा कि इस दौरान श्रद्धालुओं को मानसिक और शारीरिक शीतलता की अभिभूति प्राप्त होगी. शिव मंदिर और इसके आस-पास के क्षेत्रों को फूलों तथा विद्युत सजा से सजाया जायेगा.

### मोमिन कांफ्रेंस महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष बनीं रेशमा

**रांची।** झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष पिरुटोला निवासी रेशमा बेगम को मनोनीत किया गया है. कांफ्रेंस के राष्ट्रीय



अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी की मंजूरी के बाद प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली ने इस संबंध में अधिसूचना जारी किया है. प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर रेशमा बेगम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज अहमद अंसारी, प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी एवं राष्ट्रीय सचिव सगीर अंसारी का आभार व्यक्त किया है.

### सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर चला जांच अभियान

**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक के खरीद-बिक्री या उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है. इसे लेकर लगातार नगर निगम द्वारा मंगलवार को जांच अभियान भी चलाया गया. यह अभियान सहायक प्रशासक के नेतृत्व में इंफोर्समेंट टीम द्वारा नागा बाबा वेजिटेबल मार्केट एवं मधुकम सब्जी बजार में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग के विरुद्ध चलाया गया. अभियान के दौरान जिन दुकानदारों को प्लास्टिक के कैरी बैग में सब्जी व अन्य सामान देते पकड़ा गया, उनके 9000 रुपये जुर्माना वसूला गया.

# रांची जिले के 10 सरकारी स्कूलों में बनाये जाएंगे दस-दस कमरे

संवाददाता। रांची

रांची जिले के 10 सरकारी स्कूलों में 10-10 कमरे बनाए जाएंगे. इसके लिए स्वीकृति दे दी गई है. जिलेभर में स्कूलों की संख्या 2100 है, जिसमें 197 स्कूलों में मरम्मत की जरूरत है. इनमें 165 प्राथमिक और 32 माध्यमिक स्कूल हैं. फिलहाल 29 स्कूलों में मरम्मत का कार्य होगा. स्कूल भवन पुराने होने की वजह से मरम्मत करवाना अनिवार्य हो जाता है. इसके अलावा स्कूलों को उनकी नामांकन संख्या के आधार पर वार्षिक रखरखाव निधि प्राप्त होती है. 100 से कम छात्रों वाले शैक्षणिक संस्थानों को 10,000 रुपये, 250 या उससे कम छात्रों वाले संस्थानों को 25,000 रुपये, 1000 या उससे कम छात्रों वाले संस्थानों को 50,000 रुपये और 1000 से अधिक छात्रों वाले संस्थानों को 1 लाख रुपये का अनुदान मिलता है. हर साल एक व्यापक योजना बनाते हैं, जो तत्काल मरम्मत की आवश्यकता वाले स्कूलों की पहचान करती है.

# ईस्ट जोन यूथ फेस्ट में डीएसपीएमयू को दो गोल्ड, 5 मेडल



संवाददाता। रांची

इस्ट जोन यूथ फेस्टीवल 2024 डीएसपीएमयू के छात्रों ने पांच मेडल प्राप्त किया. जिसमें दो गोल्ड, दो सिल्वर और एक ब्रांज शामिल है. कुलसचिव डॉ. नमिता सिंह ने प्रतिभागियों की सराहना की. डीएसडब्ल्यू डॉ. एसएम अब्बास ने प्रतिभागियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की . टीम मैनेजर डॉ. गीतांजलि सिंह और डॉ. राहुल देव साह को बधाई एवं शुभकामनाएं दी. इस दौरान क्लासिक वोकल में सोलो सिल्वर मेडल, वेस्टन वोकल सोलो में सिल्वर मेडल, ग्रुप सांग में वेस्टन गोल्ड, वेस्टन इंस्ट्रूमेंटल सोलो ब्रांज और कार्टूनिंग में गोल्ड मिला.

## लौटे छात्रों का कुलपति ने किया स्वागत

**रांची।** बेहरामपुर विश्वविद्यालय उड़ीसा में आयोजित 37वें अंतर विश्वविद्यालय ईस्ट जोन युवा महोत्सव में भाग लेनेवाले रांची विश्वविद्यालय के छात्रों से कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने मुलाकात की और उन्हें सम्मानित किया. उन्होंने सभी छात्रों से उनके अनुभव के बारे में सुना और उन्हें आगे के लिए प्रोत्साहित किया. कुलपति ने झांकी में द्वितीय स्थान पर आने के लिए पूरी टीम को बधाई दी. राष्ट्रीय युवा महोत्सव में चयनित मिमिक्री में



जितेन्द्र कुमार रजत पदक, क्विज प्रतियोगिता में युवराज प्रसाद, शिवम कुमार, सूर्यांश प्रजापति को रजत पदक प्राप्त हुआ. कुलपति ने पदक प्राप्त किए छात्रों को हर संभव मदद करने की बात कही.

# सर्वेश्वरी समूह के समर्पित सदस्य लालू जी नहीं रहे

संवाददाता। रांची

परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी के प्रिय गृहस्थ शिष्य सर्वेश्वरी समूह के कर्मठ, निष्ठावान व पूर्णतया समर्पित सदस्य 78 वर्षीय लाल भुवनेश्वर नाथ शाहदेव लालूजी का रांची स्थित अपने आवास में 26 फरवरी को मध्याह्न में शिवलोक गमन हो गया. वे अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी, चार पुत्र, पुत्रवधू व पौत्री से भरा-पूरा परिवार छोड़ गए. सर्वेश्वरी समूह के लोग व उनके जानने-पहचानने वाले सभी लोग इस दुखद समाचार को सुनकर स्तब्ध रह गए. उनके निधन से सर्वेश्वरी समूह संस्था व सर्वेश्वरी परिवार की अपूरणीय क्षति हुई है. यह सूचना पाकर परमपूज्य बाबा औघड़ गुरुपद संभव राम (अध्यक्षः सर्वेश्वरी समूह) रात्रि में ही जशपुर से चलकर वाराणसी स्थित पड़ाव आश्रम पहुंच गए, जहां लालूजी अंतिम संस्कार किया गया मुखाग्नि उनके कनिष्ठ पुत्र उपेन्द्र नाथ शाहदेव ने दिया.

## तैयारियां प्रारंभ | पांच दिवसीय विराट महोत्सव के सफल आयोजन के लिए गौरव अग्रवाल बनाये गये संयोजक

# श्रीश्याम मंदिर में 17 मार्च से रंग रंगीलो फागण अमृत महोत्सव

संवाददाता। रांची

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल का पांच दिवसीय 52 वां स्थापना दिवस एवं रंग रंगीलो फागण अमृत महोत्सव 17 से 21 मार्च तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा. मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ कर दी गयी हैं. महोत्सव के सफल आयोजन के लिए गठित आयोजन समिति के संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू तथा पंकज गाड़ोदिया और आदित्य लोहिया को उप संयोजक मनोनीत किया गया है. महोत्सव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 मार्च को श्री गणेश पूजन, हवन, यज्ञ ध्वज स्थापना करके कार्यक्रम की शुरुआत होगी. इसी दिन दोपहर 11:00 बजे से खाटू नरेश का लोकप्रिय धार्मिक अनुष्ठान श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ नृत्य नाटिका का आयोजन प्रारंभ होगा. पुष्पा देवी पोद्दार अपने परिवार के साथ खाटूनरेश की पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे. चुरु राजस्थान से मेहुल शर्मा अपने सहयोगियों के साथ भक्तजनों से ज्योति पाठ करवाएंगे. नृत्य नाटिका के लिए मंदिरा सिंह अपनी टीम के साथ कोलकाता से आएंगी. शोभा यात्रा महोत्सव के संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि 18 मार्च सोमवार को दोपहर 1:00 बजे से मारवाड़ी भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें खाटू नरेश के पवित्र ध्वज निशान लेकर बड़ी संख्या में भक्तजन शोभायात्रा में चलेंगे. नगर भ्रमण करते हुए शोभायात्रा श्री श्याम मंदिर हरमू रोड पहुंचेगी.



### 91 वां श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया. इस अवसर पर सुनील मोदी आशा मोदी ने अपने परिवार के साथ अखंड ज्योति प्रज्वलित की. फल प्रसाद की सेवा प्रत्यूष अग्रवाल, चना प्रसाद सेवा श्रवण ढानढनिया, केसरिया पेडा प्रसाद पुष्पा देवी पोद्दार एवं गिरी गोला सेवा मुकेश मित्तल ने अर्पित की.

# श्रीश्याम परिवार का निशान अमृत महोत्सव एक से

संवाददाता। रांची

श्रीश्याम परिवार का तीन दिनी श्रीश्याम अमृत महोत्सव एक मार्च से प्रारंभ होगा. इसकी तैयारी जोरशोर से की जा रही है. अध्यक्ष श्रवण जालान और महामंत्री मंटू जालान ने बताया किश्रीलक्ष्मीनारायण मंदिर, सेवासदन पथ पर शुक्रवार को पहले दिन श्रीगणेश पूजा कर अखंड ज्योत प्रज्वलित की जाएगी. इसके बाद हवन और निशान पूजन होगा. दूसरे दिन शनिवार को भव्य निशान शोभायात्रा निकाली जाएगी. इसमें 251 ध्वज के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे. श्रवण ने बताया कि पंच प्यारे, श्रीश्याम का सुसज्जित रथ, भजन मंडली का अलग आकर्षण रहेगा. यात्रा में शामिल भक्त श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर से निकल कर वंशीधर आडुकिया रोड, कार्ट सराय रोड, ईस्ट मार्केट रोड, मारवाड़ी टोला, गांधी चौक होते हुए शहीद चौक से घूम कर श्रीश्याम हवेली के रूप में परिणत अल्बर्ट एक्का चौक के समीप दुर्गा बाड़ी आयेंगे. प्रसाद वितरण के साथ दूसरे दिन का कार्यक्रम संपन्न होगा.



महोत्सव संयोजक कमल जालान बंकट ने बताया कि अंतिम दिन रविवार को दुर्गा बाड़ी में सुबह से लेकर रात 11 बजे तक पूजा-पाठ और भजन आदि के कार्यक्रम होंगे. परिवार की ओर से मंगलवार को लेकर पोस्टर जारी किया गया. अशोक धानुका, जयदीप राज, पवन लोहिया, राहुल अग्रवाल, अमित चौधरी, पवन जालान, गोपाल चंगाल, पवन शर्मा, मदन सोनी, प्रकाश दलानिआ, महेश सोनी, मनोज अग्रवाल, निरंजन लाल तोदी, विनय भाटिया, आतिश सिंह, विमल झुनझुनवाला, सुनील साबू, अजय केडिया आदि इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं.

